


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 310 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 26 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
ऑफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928, 8319964648

बगैर लाईसेंस के कोई नहीं कर सकता है ब्याज-बट्टे का धंधा, ये है नियम विपरित...

## ब्याज-बट्टे के खेल में बन गए कई करोड़पति!

### पूर्व में पुलिस कप्तान व विभाग ने ब्याजखोरों के खिलाफ चलाया था अभियान, अब ध्यान भी नहीं...

**मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रूपयों की जरूरत सबको होती है। कभी-कभार कुछ परिस्थितियां ऐसी होती है, जिसके चले आम उधार लेने के लिए अमान्य शर्तें भी मान लेती है। लेकिन, इसे ही सूदखोरी का धंधा भी कहा जाता है। ब्याज-बट्टे से कई लोग करोड़पति तक बन गए है। कई ऐसे भी हैं जो कल के कड़के थे, आज उनके पास अपार संपदा है। ब्याज से रूपया देना कोई गलत भी नहीं है, क्योंकि संबंधित व्यक्ति सामने वाले की मदद करता है। लेकिन, एक तय समय सीमा से ज्यादा यानी अत्यधिक ब्याज वसूल करना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे लोग सबकुछ जानते हुए भी अत्यधिक ब्याज वसूल कर पीड़ित को और प्रताड़ित करते रहते हैं। ब्याज बट्टे के धंधे में कल के कड़के अमीर बन गए हैं। जबकि यह भी सर्वविदित है कि बगैर लाईसेंस के कोई भी ब्याज-बट्टे का धंधा नहीं कर सकता है, इसमें भी एक सीमित प्रतिशत तक ब्याज लेने का अधिकार है।



मंदसौर जिले में सूखखोरों के आतंक से कईयों ने खुदकुशी तक की है और कई मजबूर हो गए। मंदसौर जिले में ऐसी घटनाएं सामने आती रहती है। हाल ही में भी ब्याजखोरी से पीड़ित द्वारा खुदकुशी की घटना सामने आ चुकी है, जिसमें जांच के बाद पुलिस ने दो लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है। उधर, बता दें कि पूर्व में पुलिस कप्तान और पुलिस विभाग द्वारा सूदखोरों के खिलाफ एक अभियान छेड़ा था। यह अभियान पूरे जिलेभर में संचालित किया गया। शिकायतें पेश करने के लिए भी कहा गया था। इसके चलते जनसुनवाई में भी लोग शिकायतें लेकर आने लगे थे। लेकिन, ऐसे लोग भी थे जो डरे-सहमे रहते थे, जो सामने आने से झिझक में रहते आए हैं, उनके लिए पुलिस विभाग का अभियान बेहद अच्छा समझा लाने लगा था। लेकिन, समय के साथ अभियान स्वतः समाप्त हो गया और अब इस पर किसी का ध्यान नहीं है।

**साहुकारी अधिनियम दिखावे का रह गया**–साहुकारी अधिनियम केवल दिखावे के लिए बनकर रह गया है। हालांकि, लाईसेंधारी व्यक्ति कानून के अंदर रहते हुए अपना व्यवसाय कर रहे हैं लेकिन अनेक लोग ऐसे हैं, जिन्होंने बगैर लाईसेंस लिए ही ब्याज बट्टे को अपना धंधा बना लिया है। कार्रवाई करने में प्रशासन नाकाम दिख रहा है, वहीं लगता है कि इस कानून का पालन कराने का जिम्मा पीड़ितों के हवाले छोड़ दिया गया है। शायद यही कारण है कि जब पीड़ित शिकायत करें, तब ही संबंधित पर कार्रवाई का डंडा घुमता है।

**सीएमओ व जनपद अधिकारी को है लाईसेंस देने का अधिकार**–बताते हैं कि अंग्रेजों के जमाने में साहुकारी नियम लागू था, जिसे संशोधित कर सरकार ने साहुकारी के लिए लाईसेंस लेना अनिवार्य किया। तब तहसीलदार लाईसेंस दिया करते थे, लेकिन नए नियमों के अनुसार साहुकारी का लाईसेंस नगरीय निकायों के सीएमओ को दिया गया। वहीं ग्राम स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ को लाईसेंस देने का अधिकार दिया गया। लाईसेंस के लिए दो पेन कार्ड, आयकर रिटर्न की फाईल, दुकान का लाईसेंस तथा एक हजार रुपए फीस लगती है।

**साहुकारी का है कानून, पालन आज तक नहीं**–बताते हैं कि साहुकारी लाईसेंसधारी को नियमों के तहत कुछ प्रतिशत ब्याज के रूप में वसूलने का अधिकार दिया गया है। इसमें भी शर्त है कि दादागिरी और धमकी से ब्याज नहीं वसूला जाएगा। उधर, ब्याज देने वाला इसके बाद भी ब्याज नहीं देता है तो उस पर भी कार्रवाई का नियम है। लेकिन, देखने में यह आ रहा है कि नियमों से हटकर कई गुना ब्याज दर पर रुपए वसूले जा रहे हैं। विगत वर्षों में प्रशासन ने बगैर लाईसेंस धारी सूदखोर पर कार्रवाई की हो, देखने को नहीं मिला है। इस कानून का पालन आज तक नहीं हो पाया है।

बारिश से मंदसौर-नीमच जिला तरबतर, शिवना नदी की छोटी पुलिया डूबी, नाले व रपटे रहे उफान पर...

## चहुंओर पानी, सावन की कमी भादौ ने पूरी की

### 24 घंटे में दो इंच तक वर्षा, शिवना और तैलिया तालाब में आवक बढ़ी, कालाभाटा बांध के दो गेट खोले गए

**मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जुलाई माह आधे से ऊपर बीतने के बाद मंदसौरवासी बारिश के लिए प्रार्थनाएं करने लगे थे। सावन माह की शुरुआत में इंद्रदेव ने कृपा बसाई। सावन माह में अच्छा पानी बरसा, लेकिन कमी बनी रही। सावन की कमी भादौ माह ने पूरी की है। शनिवार रात्रि से रविवार रात्रि तक बारिश लगातार जारी रही है। हालांकि, तेज बारिश नहीं होने से कहीं कोई परेशानी उत्पन्न नहीं हुई। लेकिन, मंदसौर जिला सहित नीमच जिला भी इस बारिश से तरबतर हो गया है। सड़कों पर पानी बहता रहा है। मंदसौर जिले में रपटें व नालें उफान पर रहे। झार्डा चौकी क्षेत्र में अड़मालिया-खजूरी मार्ग पर पानी आने और यही के स्कूल की रपट पर ऊपर पानी आने से सुरक्षा के लिए स्टॉपर लगवाए गए। मंदसौर शहर में शनिवार शाम छह बजे से रविवार रात्रि तक दो इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। रविवार सुबह से जिले के शामगढ़, गरोठ, भानपुरा, सीतामऊ, सुवासरा, नाहरगढ़, दलौदा, भावगढ़, पिपलिया, मल्हारगढ़ एवं नारायणगढ़ क्षेत्रों में एकसमान पानी बरसता रहा है। शिवना नदी की छोटी पुलिया भी रात्रि में डूब गई।

शनिवार की रात से ही मंदसौर-नीमच जिले में लगातार बारिश हो रहीं है। अंचल भी बारिश से तरबतर है बिते 24 घंटे में करीब दो इंच बारिश हो चुकी है। जिसके बाद मंदसौर में 26 इंच बारिश हो चुकी है। मध्यप्रदेश में भारी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से मौसम विभाग ने आज भी जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज मालवा-निमाड़ यानी इंदौर-उज्जैन संभाग में मानसून स्ट्रॉन्ग रहेगा जिसके चलते मंदसौर-नीमच जिले में बारिश होगी। दोनों संभाग के 14 जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। लगातार बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट आई है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि लो प्रेशर एरिया रीवा संभाग के आसपास अति निम्न दाब में बदल गया है। मानसून ट्रफ खजुराहो और लो प्रेशर एरिया से होते हुए गुजर रही है। एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) भी एक्टिव है। इसके चलते प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में सिस्टम स्ट्रॉन्ग रहेगा। 26 अगस्त को यह आगे बढ़ेगा। इसके बाद यह कमजोर होगा, जिससे बारिश की एक्टिविटी कम हो जाएगी। बंगाल की खाड़ी में 30 अगस्त से नया सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके असर से एक बार फिर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। जिले में रविवार सुबह तक 635 एमएम यानी 25 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। गांधी सागर बांध का जलस्तर 1300.1 फीट पहुंच गया है।

**नीमच अंचल में भी लगातार बारिश**–नीमच जिले में रविवार सुबह से ही कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। तीनों ब्लाक नीमच, जावद और मनासा में हल्की से भारी बारिश हो रही है। जिले में अब तक औसत 685 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। नीमच में 560 मि.मी., जावद 785 मिमी और मनासा 712 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के साथ जिले में भी हल्की से भारी होने का अनुमान लगाया है।

**जाजू सागर, मोवन डेम, चंबलेश्वर डेम में आवक जारी**–नीमच को पेयजल आपूर्ति करने वाले जाजू सागर डेम, जावद के मोरवन डेम और मनासा के चंबलेश्वर डेम को लबालब भरने के लिए अब भी पानी की दरकार है। जिस तरह से जिले में बारिश का दौर जारी है अनुमान है आगामी सप्ताह में डेम लबालब भर जाएगा।

**बारिश के आंकड़ों पर एक नजर...**

| | |
|---|---|
| मंदसौर | 415 एमएम |
| सीतामऊ | 708 एमएम |
| सुवासरा | 766 एमएम |
| गरोठ | 650 एमएम |
| भानपुरा | 601 एमएम |
| मल्हारगढ़ | 426 एमएम |
| धुंधड़का | 587 एमएम |
| शामगढ़ | 999 एमएम |
| संजीत | 515 एमएम |
| कयामपुर | 627 एमएम |
| भावगढ़ | 694 एमएम |

मध्यप्रदेश में भारी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। प्रदेश के अधिकतर जिले तरबतर हैं। नदियां उफान पर हैं, डेम भी ओवरफ्लो हो चुके हैं। नीमच जिले में जाजुसागर हर्कियाखाल बांध का जलस्तर 13 फीट पर पहुंच गया हालांकि बांध अभी 8 फीट ओर खाली है।

**बुगलिया हुआ ओवरफ्लो, काला भाटा के दो गेट खोले**–बिती रात से हो रहीं लगातार बारिश के कारण मंदसौर का बुगलिया नाला ओवरफ्लो हो गया जिसके बाद तेलिया तालाब में पानी की आवक बढ़ गई। शिवना नदी में भी पानी की आवक बढ़ने के बाद काला भाटा बांध लबालब हो गया। रविवार को बांध का एक गेट दस इंच खोला गया। रात्रि में दूसरा गेट भी 3 इंच खोला गया। गांधीसागर बांध का जलस्तर 1301 फीट को पार कर गया।

जहां घटना हुई वहां दोनों तरफ पहाड़ और कर्व थे, कर्मचारी की सतर्कता से टला हादसा...

## बारिश से रेलवे ट्रैक के नीचे की गिट्टी-मिट्टी बही

### कार्य के चलते 10 पैसेंजर समेत 15 ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर रोकना पड़ी

**रतलाम, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई रूट के रतलाम रेल मंडल के गोधरा सेक्शन स्थित मंगल मऊड़ी और लिमखेड़ा स्टेशन के बीच तेज बारिश से बीती रात ट्रैक के नीचे की गिट्टी और मिट्टी बह गई। ड्यूटी पर तैनात नाइट पेट्रोलमेन ने इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल को दी। रेल कर्मचारियों की सतर्कता से समय रहते इसका पता चल गया। रात में ही रेलवे ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए रविवार सुबह करीब 5 बजे तक रेल मार्ग को दुरस्त कर ट्रेनों का परिचालन शुरू किया।

जिस ट्रैक के नीचे से मिट्टी व गिट्टी बही है, वहां आसपास कटाव भी हो गया। पटरी के नीचे का यह कटाव 5 से 6 फीट लंबा था। रात को सूचना मिलते ही रेलवे अमला हरकत में आया। 10 बजे दिल्ली-मुंबई रूट की अपलाइन को बंद करना पड़ा। रात 11 बजे रतलाम से इंजीनियरों व रेल कर्मचारियों की टीम रवाना हुई। आसपास के स्टेशनों से भी रेल कर्मचारियों को बुलाया। रातभर बारिश के बीच रेल कर्मचारियों ने काम करते हुए ट्रैक को दुरुस्त कर रेल मार्ग को सुचारू किया। रेलवे द्वारा ट्रैक पर लगातार नजर रखी जा रही है, जहां घटना हुई वहां दोनों तरफ पहाड़ है और कर्व भी है। रात में कार्य के चलते 10 पैसेंजर समेत 15 ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ी। इनमें 5 गुड व 10 पैसेंजर ट्रेन शामिल थी।

**पिछले साल भी गिट्टी-मिट्टी बही**–पिछले साल सितंबर माह में भारी बारिश के कारण रतलाम रेल मंडल के अमरगढ़-पंच पिपलिया स्टेशन के बीच पटरियों के नीचे की गिट्टी-मिट्टी बह गई थी। इससे दिल्ली-मुंबई रूट की अपलाइन 40 घंटे तक बंद रखना पड़ा। इसका असर 85 ट्रेनों पर पड़ा था। इसमें 19 ट्रेनों को निरस्त करना पड़ा था, तो 30 से ज्यादा को रास्ता बदलकर चलाया गया। रतलाम रेल मंडल जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि रातभर कार्य कर तड़के रेल मार्ग सुचारु किया गया। ट्रैक पर नजर रखी जा रही है।

आंकड़ों में 28 डेंगू पीड़ित, मलेरिया बुखार से भी 15 मरीज, जमा हुआ पानी बनता है खतरा...

## डेंगू-मलेरिया के संदिग्ध मरीज बढ़े, लार्वा और फीवर सर्वे अधूरा

### प्राईवेट अस्पताल में जा रहे अत्यधिक बीमार, यहां के आंकडें अप्राप्त

**मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बारिश के मौसम में जमा हुआ पानी अत्यधिक रहता है। मलेरिया विभाग का लार्वा और फीवर का सर्वे भी अधूरा रह गया है। हालांकि दावे है कि सर्वे चहुंओर हुआ है। जमा हुए पानी में उत्पन्न मच्छरों की वजह से डेंगू और मलेरिया बुखार के पनपने की स्थिति रहती है।

जिले में डेंगू ने एक बार फिर कहर बरपा दिया है। कुछ दिनों से डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। धुंधड़का ब्लॉक में सबसे ज्यादा मरीज है, इसके कारण इस क्षेत्र को हाईरिस्क पर रखा गया है। सीतामऊ, मल्हारगढ़ और गरोठ ब्लाक में भी डेंगू के मरीज तेजी से बढ़ रहे है। वर्षा के बाद जगह-जगह पानी भरने से डेंगू का कहर बढ़ता ही जा रहा है। जिले में लार्वा और फीवर सर्वे भी पूरा नहीं हुआ है। मलेरिया विभाग के अनुसार जिले में डेंगू के 28 और मलेरिया के 15 मरीज है। यह सिर्फ सरकारी आंकड़े हैं। जबकि जिस गति से मरीज बढ़ रहे है, उसे देख हकीकत में डेंगू के मरीजों की संख्या जिले में 100 के पार हो गई है। कई मरीज सीधे निजी अस्पतालों में ही उपचार करवा रहे है। डेंगू के कहर के बीच राहत सिर्फ यहीं है कि कोई मृत्यु नहीं हुई है और मरीजों की स्थिति में तेजी से सुधार भी हो रहा है।

**जुलाई में हुई बरसात के बाद लगातार बढ़ रहा खतरा**–जिले में डेंगू का खतरा दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ता जा रहा है। 20 जुलाई के बाद से ही जिले में डेंगू का खतरा लगातार बढ़ा ही है। लगभग 15 दिनों में जिले में डेंगू के पाजिटिव मरीजों की संख्या 28 पर पहुंच गई है। इनमें सबसे ज्यादा मरीज धुंधड़का ब्लॉक में निकल रहे है, इसके बाद मलेरिया विभाग ने इस क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाई है। वहीं सीतामऊ, मल्हागढ़, गरोठ क्षेत्र में डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अस्पतालों में प्रतिदिन डेंगू संदिग्ध मरीज पहुंच रहे है और जांच में डेंगू पाजीटिव भी पाए जा रहे है। शासकीय अस्पतालों में होने वाली जांच की संख्या तो संबंधित विभाग तक पहुंच रही है लेकिन, कई लोग सीधे निजी अस्पतालों में ही डेंगू की जांच और पॉजिटिव होने पर उपचार करवा रहे है। इसके कारण संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले साल पूरे साल में डेंगू के 57 मरीज जिले में मिले थे। स्थिति को देखते हुए मलेरिया विभाग अब सक्रिय हो गया है।

**पिछले आठ वर्षों में डेंगू की स्थिति...**

| वर्ष | पाजिटिव |
|---|---|
| 2017 | 25 |
| 2018 | 32 |
| 2019 | 22 |
| 2020 | 71 |
| 2021 | 1299 |
| 2022 | 09 |
| 2023 | 57 |
| 2024 | 28 अब तक। |

**जला हुआ ऑईल और छोड़ी जाती है गंबुशिया मछली**–वर्ष के बाद अब जिलेभर में जगह-जगह पानी के गड्ढे भर गए है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। लार्वा को खत्म करने के लिए मलेरिया विभाग द्वारा गड्ढों में भरे हुए पानी में जला हुआ आइल एवं गंबुशिया मछली छोड़ी जाती है। लेकिन इस साल अमला सिर्फ सर्वे तक ही सीमित है, वह भी अधिकांश क्षेत्रों में सर्वे नहीं हुआ है। डेंगू मरीज बढ़ने का कारण जगह-जगह पानी का भराव, कुछ दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है।

**2021 में डेंगू ने ढाया था कहर, तब मिले थे 1299 मामले**–इस साल जुलाई से अंतिम दिनों से डेंगू का कहर जिले में बढ़ने लगा है। अब तक 27 मरीज मिल चुके है। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह में डेंगू का खतरा ज्यादा रहता है। अभी प्रारंभिक दिनों में ही डेंगू का खतरा बढ़ने से लोगों को तीन साल पहले बने हालात की तरह डर सताने लगा है। वर्ष 2021 में मंदसौर जिले में 1299 लोग डेंगू पाजीटिव हुए थे। उस समय प्रदेश में सबसे ज्यादा डेंगू मरीज मंदसौर जिले में ही थे। भोपाल से भी स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की टीमें स्थिति को संभालने के लिये मंदसौर आई थी।

## चौकी से कुछ मीटर दूर एक घर में चोरों की धमाल

**सीतामऊ, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बिती रात सीतामऊथाना क्षेत्र के खेताखेड़ा चौकी क्षेत्र में मकान में चोरी की वारदात हुई। बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर नकदी और आभूषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। मजेदार बात यह है कि घटनास्थल पुलिस चौकी से महज दो सौ मीटर की दूरी पर है जहां चोरों ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार चोरों ने शिवनारायण खारोल के मकान का ताला तोड़ा और घर में रखे आभूषण और करीब 25 हजार रूपए नकदी चुरा लिए। घटना को लेकर संदेह कंजर गिरोह पर ही जा रहा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की लेकिन, प्रारंभिक तौर पर कोई अहम सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पंचम पुण्य स्मरण



स्व. श्री घनश्यामजी मोड़
की आज पंचम पुण्यतिथि पर
हार्दिक श्रद्धांजलि
*********** श्रद्धानवत ***********
श्रीमती पार्वतीबाई (पत्नी)
जगदीश-सुनीता मोड़ (पुत्र-पुत्रवधु)
अमन-दीपिका (पौत्र-पुत्रवधु), नमन (पौत्र), अंजली (नातिन)
एवं समस्त मोड़ परिवार लदूना वाला, जिला मंदसौर

ग्वाला समाज भी उत्साह से मनाएगा उत्सव, कई जगह मटकी फोड़ का होगा आयोजन...

## जन्माष्टमी आज:आधी रात जन्मेंगे कान्हा



**मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव आज सोमवार को पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जगह-जगह माखन से भरी मटकी फोड़ के आयोजन होंगें। आधी रात 12 बजे नंदलाल का जन्म होगा इसके साथ ही घंटे-घड़ियाल बजाए जाएंगे आरती उतारी जाएगी। इससे पूर्व पूरे दिन विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे

**विहिप का चल समारोह निकलेगा, झांकियां व अखाड़े रहेंगे आकर्षण**

विहिप द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर चल समारोह नगर में निकाला जाएगा। जिसमें आकर्षक झांकियां और अखाड़े आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। ग्वाला समाज भी उत्साह के साथ जन्मोत्सव मनाएगा।

जन्माष्टमी पर्व को लेकर उत्साह का वातावरण बना हुआ है विभिन्न मंदिरों में जन्मोत्सव मनाए जाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। कई मंदिरों पर आकर्षक विघुत सज्जा की गई है। आधी रात 12 बजे ढोल, गाजे-बाजे, घंटे-घड़ियाल के साथ भगवान श्री कृष्ण की आरती उतारी जाएगी। इससे पहले कई जगहों पर मटकी फोड के आयोजन किए जाएंगे।

जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद अपना स्थापना दिवस मनाता है। विहिप के जिला जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज 26 अगस्त को विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्मी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्मी उत्सव पर भव्य चल समारोह का आयोजन रखा गया है जो प्रात: 11:30 बजे सत्संग भवन से प्रारंभ होगा। इस चल समारोह में आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। साथ ही अखाड़ों में हैरतअगेज प्रदर्शन बताया जाएगा। चल समारोह सत्संग भवन से होता हुआ मण्डी गेट, धानमंडी, जनकूपुरा, गणपति चौक, अशोक टॉकिज रोड, शुक्ला चौक, आजाद चौक, घंटाघर, भारत माता चौराहा, बड़े बालाजी मंदिर होता हुआ गांधी चौराहा पर पहुंचेगा, जहां पर चल समारोह धर्मसभा में परिवर्तित होगा। इस धर्मसभा को संबोधित करने के लिए राष्ट्रीय कवि मुकेश मोल्वा, जैन संत, पूज्यनीय संतश्री रहेंगे। इस अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है। इस बार मातृशक्ति, दुर्गावाहिनों की आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां, अलग-अलग तहर के नृत्य, आकर्षक झांकियां व हैरत अंगेज अखाड़ों के करतब देखने योग्य रहेंगे।

**ग्वाला समाज ने निकाली वाहन रैली, दिया निमंत्रण**–जन्माष्टमी से पहले मंदसौर शहर में ग्वाला समाज ने वाहन रैली का आयोजन किया। इसमें समाज के लोगों ने शहर में वाहन रैली निकालकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर ग्वाला समाज द्वारा शहर में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम को दही हांडी सहित विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के गोविंद सुरा ने बताया कि ग्वाला समाज के आराध्य देव भगवान श्री कृष्णा के जन्मोत्सव से पहले शहर में वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली सत्संग भवन से शुरू हुई जो शहर के प्रमुख मार्गों महिश्वरी धर्मशाला, लक्कड़ पीठा, राम टेकरी, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, नयापुरा कला खेत होते हुए गांधी चौराहा पहुंची। जहां समाज के आराध्य देव हरदेव लाला मंदिर पर भगवान की आरती के साथ वाहन रैली का समापन किया गया।

**नई पहल : भारतीय परिवेश धोती-कुर्ता में होंगे शामिल**–जन्माष्टमी पर्व पर इस बार एक नई पहल की जा रहीं है ताकि युवा पीढ़ी सनातन संस्कारों से परिचित हो सके। भाजपा नेता राजेश नामदेव ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर प्रात: 11 बजे खानपुरा स्थित सत्संग भवन पर भगवान श्रीकृष्ण की आरती का आयोजन किया जाता है। आयोजन में सभी भारतीय परिवेश धोती-कुर्ता पहनकर सम्मिलित होंगे। ताकि युवा पीढ़ी सनातन परम्परा के संस्कारों से परिचित हो सके।

# दशपुर विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया



मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। दशपुर विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रेखा नवले एवं श्रीमती पदमा मारू द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमे कृष्ण सुदामा के मिलन पर आधारित नाटक प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। कक्षा नर्सरी, जूनियर एवं सीनियर के.जी. के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत आकर्षक एवं सुंदर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया।
विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा सलोनी टेंटवाल द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में एक बहुत ही खूबसूरत भजन प्रस्तुत किया। कक्षा पाँचवी, छः ट्री तथा सातवीं के विद्यार्थियों ने भी कृष्ण के जीवन पर आधारित एक मनभावन समूह गीत प्रस्तुत किया। छात्रा हंसिका सोनी एवं अधिश मिंडा ने श्री कृष्ण के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर छात्र में श्रीकृष्ण की तरह अच्छाई एवं बुराई को समझने की क्षमता होनी चाहिए कोई भी व्यक्ति अपने आप में पूर्ण नहीं होता। ये त्यौहार हमें हमारी उन पूर्णता को, कमियों को पूरा करने का मौका देते है हर त्यौहार हमें कुछ न कुछ संदेश जरूर देते है, जिन्हें हमें ग्रहण करते रहना चाहिए इसी के साथ कक्षा नर्सरी, जूनियर एवं सीनियर केजी के छात्र छात्राओं के लिए फैंसी ड्रेस एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया। विद्यालय के कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस झाँकी डेकोरेशन नामक प्रतियोगिता रखी गई, जिसमे चारों हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं आकर्षक झाकियाँ बनाई।

## किशोरी ने जहर खाया, इलाज के दौरान मृत्यु

नीमच, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। बघाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पठारी मोहल्ले एक किशोरी ने अज्ञात कारण के चलते शुक्रवार को सुबह चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया था। जिसके बाद युवती की तबीयत बिगडने लगी, परिजन उसे तत्काल नीमच जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। हालांकि, उसकी हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे लेकर शहर के एक निजी चिकित्सालय पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा था। मगर उसने दम तोड दिया। वहीं रविवार को मृतका कोमल पिता आनंद उम्र 17 साल जाति पासी निवासी पठारी मोहले बघाना के शव का जिला अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम पुलिस के ओर से करवाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# कौन होगा नया मुख्य सचिव, सितंबर में होगा तय

**भोपाल, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस प्रदेश का नया मुख्य सचिव कौन होगा, इसको लेकर चल रही अटकलों पर सितंबर में विराम लग जाएगा। 30 सितंबर को मुख्य सचिव वीरा राणा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसके पहले ही सरकार विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी बना सकती है, जो एक अक्टूबर को वीरा राणा का स्थान लेगा।**

मुख्य सचिव पद के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर पदस्थ अनुराग जैन के साथ अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा और डॉ. राजेश राजौरा का नाम चर्चा में है। शिवराज सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय वरिष्ठता के आधार पर प्रदेश में उपलब्ध वरिष्ठ अधिकारी वीरा राणा को मुख्य सचिव पद का प्रभार दिया था। मोहन सरकार ने उन्हें इस पद पर नियमित किया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए उनके सेवानिवृत्त (31 मार्च 2024) होने के पहले केंद्र सरकार से अनुरोध करके 6 माह की सेवावृद्धि दिलवाई, जो 30 सितंबर को पूरी हो रही है। अब चुनाव जैसी कोई परिस्थिति नहीं है इसलिए मुख्यमंत्री की प्राथमिकता ऐसे अधिकारी को मुख्य सचिव बनाने की होगी, जिसे काम करने के लिए पर्याप्त समय मिले।

**इन अधिकारियों के नाम चर्चा में-** इस दृष्टि से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अनुराग जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान और डा. राजेश राजौरा के नाम चर्चा में हैं। जैन अगस्त 2025, सुलेमान जुलाई 2025 और डा. राजौरा मई 2027 में सेवानिवृत्त होंगे। वहीं, 1989 बैच के दो अधिकारी विनोद कुमार मई 2025 और जेएन कंसोटिया अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त होंगे पर दोनों की पदस्थापना इस समय मंत्रालय से बाहर है, इसलिए इन्हें दौड़ से बाहर माना जा रहा है। उधर, सरकार में गृह, जेल और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभागों का दायित्व संभाल रहे अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अनुराग जैन की यदि प्रदेश वापसी की स्थिति नहीं बनती है तो फिर मुख्य सचिव पद की दावेदारी में डॉ. राजौरा ही आगे नजर आ रहे हैं। मोहम्मद सुलेमान से स्वास्थ्य विभाग लेकर कृषि उत्पादन आयुक्त बनाए जाने से उनकी दावेदारी कमजोर पड़ी है।


**वीरा राणा बनाई जा सकती हैं राज्य निर्वाचन आयुक्त-** सूत्रों का कहना है कि यदि वीरा राणा को सेवावृद्धि दिलाने की स्थिति न बनी तो उन्हें अक्टूबर में राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाया जा सकता है। यहां पदस्थ पूर्व मुख्य सचिव बसंत प्रताप सिंह का कार्यकाल जून 2024 में समाप्त हो चुका है। राज्य निर्वाचन आयुक्त (सेवा शर्तें) नियम 1994 में प्रावधान है कि कार्यावधि समाप्त होने के बाद उत्तराधिकारी की नियुक्ति होने और उसके पदभार ग्रहण करने तक पद पर बने रहेंगे परंतु यह अवधि छह माह से अधिक नहीं होगी।

# तम्बाकू का सेवन कर कहीं भी ना थूकें, इस कथा के माध्यम से भारत को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें-पंडित शास्त्री

मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। नरसिंहपुरा स्थित चारभुजा धर्मशाला में बाथरा परिवार द्वारा आयोजित स्व. नाथुलाल व स्व. मुरिबाई की स्मृति में श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के पंचम व पांचवे दिवस की कथा में धारियाखेड़ी वाले पंडित भीमाशंकर शास्त्री ने कहा कि तम्बाकू का सेवन कर कहीं भी ना थूके। भारत और अपने शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेहजारों लोग ने कथा के माध्यम से मदिरा का सेवन छोड़ा।नरसिंहपुरा के लोग तम्बाकू का सेवन नहीं करते है,यह अच्छी बात है।पंडित भीमाशंकर शास्त्री ने भागवत कथा सुनाते हुए आगे कहा कि अमृत को पाने के लिए देवताओं और राक्षसों मे समुद्र मंथन हुआ।इस समुद्र मंथन मे एक राक्षस बहुत चालक था। देवताओं क़ी पंक्ति मे बैठा रहा तो उसे अमृत क़ी प्राप्ति हुयी। वैसे ही कथा मे अगर बुरा व्यक्ति भी जायेगा तो उसे अच्छे ज्ञान क़ी अनुभूति होगी।जिस व्यक्ति ने 50 वर्ष मे 5 धंधे कर लिए हो और सफल नहीं हुए हो तो उस व्यक्ति को कालसर्प दोष है।किसी भी व्यक्ति के दाएँ हाथ पर तिल का निशान कालसर्प दोष को दर्शाता है। कालसर्प दोष हो तो त्रिम्बकेश्वर मे जाकर पूजन करवाए।इस संसार मे जिनके दाँत टेड़े-मेढ़े व सिर पर बाल कम हो उन्हें मुर्ख बनाया जाता है।अगर महिलाओं के जीमने हाथ क़ी कलाई पर तिल हो तो उन्हें चूड़ी मांगकर पहननी चाहिए।पंडित भीमाशंकर शास्त्री ने भगवान मत्स्य अवतार क़ी कहानी सुनाते हुए कहा कि आठ माह भगवान वैकुंठ मे निवास करते है और चार माह पाताल मे रहते है। कई वर्षो पूर्व हरीशचंद्र एक राजा थे जिन्होने कहा सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं।हम बात करे गंगा माता कि तो 01 वर्ष तक गंगा माता को शिव जी की जटाओ मे से निकलने का अवसर नहीं मिला।ततपश्चात इस कथा मे भी जन्माष्टमी के पूर्व कृष्ण जन्म का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। जिस पर कथा उपस्थित हजारों लोगों ने श्री कृष्ण के जन्म फूल बरसाकर स्वागत किया गया।अंतिम में आरती संपन्न हुई।इस अवसर पर अतिथि के रूप मे नगर की प्रथम नागरिक नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर,भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत ,भाजपा नेता विजय अठवाल, भाजपा नेता नरेंद्र पाटीदार, नपा वार्ड 36 क्षेत्रीय पार्षद गोवर्धन कुमावत,भाजपा नेता विनय दुबेला, बंटी चौहान सहित बाथरा परिवार में रूपलाल बाथरा, रमेशचंद्र बाथरा, राजमल बाथरा, मदनलाल बाथरा, कन्हैया लाल बाथरा, नटवर बाथरा, लोकेंद्र बाथरा ,सुरेंद्र बाथरा सहित समस्त बाथरा परिवार उपस्थित रहा।

# पटवारी के भ्रष्टाचार से परेशान होकर ग्रामीण बैठे 3 दिन से भूख हड़ताल पर

**कई लोगों की तबीयत बिगड़ी लेकिन प्रशासन मौन, किसान नेता जोकचंद ने की प्रशासन से चर्चा, दी आंदोलन की चेतावनी**



नीमच, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। अत्रि बुजुर्ग तहसील मनासा जिला नीमच जहां पर मकान तथा बाडे भूमि जिस पर 40 50 साल पुराने मकान बने हुए हैं जिसको लेकर ग्रामीणों ने पटवारी मोहन सिंह पवार से राजस्व रिकॉर्ड में जोडने की अपील की किंतु पटवारी द्वारा कहा गया कि पिछले हुए ड्रोन के सर्वे में ड्रोन की गलती से आपके मकान तथा बाडे छूट गए है जो बाद में स्वामित्व योजना में जुड़ जाएंगे लेकिन स्वामित्व योजना आरंभ होने के पश्चात भी हमारे मकान तथा की बाड़े जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में नहीं जोड़ा गया जो हमने पटवारी से बात करी तो उन्होंने बताया कि बिना खर्चे के कोई काम नहीं होगा क्योंकि हमें ऊपर अधिकारी को कैसे देने पड़ेंगे तो आप हमें खर्चे के पैसे दे दो तो आपके मकान तथा बाड़े की जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में जोड़ देंगे . आए दिन पटवारी मोहन सिंह पवार द्वारा किसी भी छोटे-बडे कामों में रिश्वत की मांग की जाती है जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने पिछले 3 दिन से भूख हड़ताल पर है, किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने रविवार को तहसीलदार से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्या का निराकरण नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

# पुल-पुलियाओं व रपटों पर पानी हो तो, उन पर से ना गुजरें और ना ही वाहन निकालें-कलेक्टर

**कलेक्टर ने सभी पुल पुलियाओं पर बैरिकेट्स लगाकर आवागमन रोकने एवं सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने के लिए दिए निर्देश**

नीमच, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। नीमच जिले में अनवरत बारिश से जिले के नदी-नालों में तेज बहाव शुरू हो गया है और आगामी 24 घंटे के लिए मौसम विभाग द्वारा जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।
अनवरत बारिश से नीमच जिले की पालसोडा -जीरन, मालखेडा ,रामपुरा-जत्रोद, हासपुर -मौया -बरखेडा एवं तलाऊ -नलवा मार्ग, जैथली, पिपलियाहाडी , मनासा , ताल -सिंगोली जावद एवं विजय नगर ग्वालियर कलां रतनगढ मार्ग एवं सांडा से रतनगढ मार्ग पर तेज बहाव के कारण पुल -पुलियाओ,रपटों के ऊपर से पानी का बहाव हो रहा है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा संबंधित विभाग से समन्वय कर उक्त पुल- पुलियाओं, रपटों पर बेरीकेटिंग्स लगाकर एवं कोटवार को तैनात कर आवागमन को रोका गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बारिश को ध्यान में रखते हुए जिले के नागरिकों और सभी प्रकार के वाहन चालकों से आग्रह किया है कि वे जब किसी पुल पुलिया या रपटों पर से पानी का बहाव हो, तो स्वयं उस पर से ना गुजरे और ना ही किसी अन्य को उस पर से गुजरने दे ।साथ ही कोई भी वाहन चालक पुल पर पानी हो तो किसी भी हालत में अपने वाहन को उस पर से नहीं निकाले। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी विभागों के अधिकारी -कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि भारी बारिश की संभावना को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहे ,कहीं से भी किसी प्रकार की सूचना मिलने पर राहत एवं बचाव के कार्यों के लिए तैयार रहे और तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्र में विशेष रूप से निगरानी सुनिश्चित करें और यदि कहीं पर जल भराव की सूचना मिलती है तो तत्काल राहत एवं बचाव टीम एवं सामग्री के साथ मौके पर पहुंच कर राहत एवं बचाव के उपाय सुनिश्चित करें।

## जिले में अब तक औसत 699 मिमीवर्षा दर्ज

नीमच, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। नीमच जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक 699 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इनमें नीमच 572 मि.मी., जावद में 807 मि.मी. एवं मनासा में 718 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। गत वर्ष इस अवधि मे जिले में औसत 533 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई थी। गत वर्ष नीमच में 537 मि.मी., जावद में 585.4 मि.मी. एवं मनासा मे 477 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 25 अगस्त 2024 को प्रात: 8 बजे तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले में औसत 13.3मि.मी. वर्षा हुई है। इसमें नीमच में 12 मि.मी., जावद में 22 मि.मी. एवं मनासा में 6 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है।

# जावद में दोनों शमशान घाट पर उपलब्ध है पर्याप्त सुविधाएं

नीमच, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद श्री राजेश शाह ने समाचार पत्रों में जावद के शमशान पहुंच मार्ग के सम्बंधि में प्रकाशित समाचारों एवं सोशल मिडिया पर वायरल वीडियों के सम्बंनध में स्थिति स्प ष्ट करते हुए बताया कि, जावद नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत दो सार्वजनिक शमशान घाट, खोर दरवाजा एवं रामपुरा दरवाजा पहुंचने के लिए अच्छे सीसी रोड प्रार्थना सभागृह, ट्यूबवेल लकडी संग्रह कक्ष बगीचा आदि की जनभागीदारी एवं जनसहयोग से व्यवस्था संचालित है। एसडीएम श्री शाह ने जावद के नपा सी.एम.ओ द्वारा प्रस्तुदत प्रतिवेदन के आधार पर स्प्ष्ट2 किया है नगर परिषद जावद में खोर दरवाजा एवं रामपुरा दरवाजा सार्वजनिक शमशान घाट है। इनमें आवश्यक सुविधाएं जन भागीदारी, निजी समिति एवं नगर परिषद द्वारा मुहैया कराई गई है। खोर दरवाजा शमशान घाट पर नगर पालिका द्वारा अच्छा प्रार्थना सभागृह 25 लाख लागत से बनाया हुआ है। खोर दरवाजा से शमशान घाट तक पक्का सीसी रोड भी बनाया गया है ।साथ ही दो ट्यूबवेल खनन होकर अच्छा बगीचा भी जनभागीदारी द्वारा लगाया जाकर सर्वसुविधायुक्त है। ऐसी ही व्यवस्था रामपुरा दरवाजा शमशान घाट पर भी है। पहुंच मार्ग सी सी रोड का बना हुआ है । 25 लाख लागत का नगर परिषद द्वारा प्रार्थना सभागृह बनाकर ट्युबवेल आदि की समस्त सुविधाए उपलब्ध है। इस प्रकार दोनो शमशान घाट पर सीसीरोड पहुंच मार्ग प्रार्थना सभाग्रह, टीनशेड ,लकडी संग्रह कक्ष की सुविधाए उपलब्ध है। नागरीको द्वारा जानबुझ कर कभी कभी वैकल्पिक मार्ग (शॉटकट) से जल्दी पहुंचने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा कुछ लोग कभी कभी अपने निजी शमशान घाट पर भी दाह संस्कार आदि हेतु ले जाते है।

## भजन संध्या का आयोजन आज

**सुवासरा, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जन्माष्मी पर्व के अवसर पर प्रेस क्लब द्वारा सोमवार को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि 8 बजे सभा चोक पर श्री आराधना म्यूजिकल ग्रुप एवं श्री श्याम इंटरनेशनल म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन प्रवाहक भेरू मस्ताना नीमच, यश सोलंकी नीमच, भजन गायिका सरिता प्रजापत और नीलम जायसवाल देवास के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा।

# जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी सम्पन्न

मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। आज दिनांक 25 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का विषय 'प्रारंभिक शिक्षा हेतु पूर्व प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता तथा योगदान' रहा। जिला स्तर पर शिक्षक वर्ग में प्रथम स्थान श्री जगदीश गुप्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालागुडा एवं शिक्षिका का वर्ग में प्रथम स्थान श्रीमती ममता मोदी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर ने हासिल किया। दोनों वर्ग के विजेताओं द्वारा दिनांक 4 सितंबर को भोपाल में 'भारतीय परिदृश्य में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता और महत्व' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व किया जाएगा।
प्रतियोगिता में श्री धर्मपाल सिंह देवड़ा, श्री दिलीप सिंह डाबी, श्रीमती अलका अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योत्सना निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। आज के युग में नवीन विद्यार्थियों की पौध को अंक एवं अक्षर ज्ञान की अपेक्षा समझ को विकसित करने की आवश्यकता है , यह विचार सी एम राइस विद्यालय के प्राचार्य श्री दिलीप सिंह डाबी ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किये। श्रीमती अलका अग्रवाल ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में शिक्षा को कैसे रोजगार में आधार बनाकर अपना और समाज का कल्याण किया जा सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था प्राचार्य श्री हरीश कुमार परिहार ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी में मल्हारगढ एवं सीतामऊ विकासखंड के शिक्षकों ने भी अपने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष बंसल ने किया एवं आभार श्री विजय जोशी ने माना। संगोष्ठी में विशेष रूप से श्री दीपक वाधवा एवं रेशमा जांगिड ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

## जिले में अति वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी अलर्ट रहें

**नीमच, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, होमगार्ड, अधिकारियों और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिले में अति वर्षा को ध्यान में रखते हुए अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को राहत बचाव एवं सुरक्षा के लिए निचली बस्तियों, जल भराव क्षेत्रों और जलमग्न पुल पुलिया रपटों एवं रोड का प्लान तैयार रखने और सभी अधिनस्थ कर्मचारियों से सतत संपर्क में रहकर, आवश्यकता अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जहां कहीं पानी भरने की, मकान क्षति होने की सूचना मिले, वहां का तत्काल मौके पर पहुंचकर, आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए हैं।

## दुकान मालिक को पीटा

**पिपलियामंडी, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कर्मचारी ने दुकान मालिक को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। टीलाखेड़ा निवासी युवराजसिंह ने पिपलिया पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी सब्जीमंडी स्थित रेडिमेड कपडे की दुकान पर मुन्देडी निवासी श्रवणसिंह पिता वीरेन्द्रसिंह कार्य करता था। मुझसे एडवांस रुपए ले गया था, मैंने उसकी पगार से 700 रुपए काट लिए तो गाली-गलौज कर मारपीट की व हाथ में पहले स्टील के कड़े से सिर पर आंख पर वार कर चोंट पहुंचाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## अवैध शराब सहित 3 धराए

**पिपलियामंडी, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। पिपलिया पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ अम्बावल निवासी लक्ष्मणसिंह पिता रामसिंह को, 20 क्वाटर के साथ भांगी पिपलिया निवासी महेन्द्रसिंह पिता उदयसिंह को, नहरगढ पुलिस ने 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ माननखेड़ा रिंगनोद निवासी रितिक पिता मुकेश को पकड़ा।

# आध्यात्म का संचार आत्मा से होता है-प्रो.सोहानी



मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। महर्षि शब्द सुनने के लिये वाल्मिकीजी भी तरसते थे। ऐसे महर्षि श्री अरविंद जी के जन्मवर्ष सार्धशती कार्यक्रम में हम उपस्थित हुए है। जिन्होने मात्र 14 वर्ष में सभी भाषाओं का ज्ञान अर्जित कर लिया था। महर्षि श्री अरविंदजी ने कहा था विश्व में केवल एक जाती है और वह मानव जाती है। महर्षि अरविंदजी ने पाडुचेरी में साधना,योग एवं आध्यात्म की स्थापना की है। उक्त विचार मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा 25 अगस्त रविवार को उत्कृष्ठ विद्यालय में आयोजीत महर्षि श्री अरविंद के जन्मवर्ष कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता श्री आरके सोहानी पुर्व प्राचार्य ने व्यक्त किये। श्री आरके सोहानी पुर्व प्राचार्य मंदसौर ने कहा की महर्षि अरविंदजी ने सनातन धर्म से मानव के मुल्यों का निर्माण करना होगा। आध्यात्म का संचार आत्मा से होता है। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति रमादेवी गुर्जर ने कहा की महर्षि श्री अरविंद की जीवन से हमें प्रेरणा लेना होगा। प्रकृती से उनका विशेष लगाव रहा है। हमें भी उनके जीवन के प्रेरणा लेकर प्रकृती को हरी भरी करना होगा। विशेष अतिथि बंसन्त शर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत मंदसौर ने कहा की महर्षि अरविंदजी एक महान क्रांतीकारी संत थे। महर्षि के संकल्प को साकार करने के लिये हमे भारत को विश्व गुरू बनाने के लिये सभी को सामुहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर समाजसेवी सत्येद्र सोम,इन्द्रजीत भटट, जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी,विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा,अर्चना भटट ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम महर्षि श्री अरविंदजी एवं सरस्वतीजी के चित्र पर माल्यापर्ण के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना भटट ने किया ,आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी ने माना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायीक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मंदसौर, सीतामउ,मल्हारगढ के परामर्शदाता, बीएसडब्ल्यु एवं एमएस डब्ल्यु के छात्र -छात्राएं,नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्त्री-2 मूवी में यंग अपार शक्ति खुराना के रूप में नजर आए खड़ावदा गांव के चाइल्ड आर्टिस्ट दृष्टांत भाटी



मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। हाल ही में रिलीज हुई राजकुमार राव,श्रद्धा कपूर, अपार शक्ति खुराना और पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म स्त्री 2 में मंदसौर जिले गांव खड़ावदा के चाइल्ड आर्टिस्ट दृष्टांत भाटी भी नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने यंग अपार शक्ति खुराना का रोल प्ले किया है। दृष्टांत अपने माता-पिता के साथ इंदौर में रहते हैं। पिता डॉ.राहुल भाटी ओर माता शेजल भाटी, दृष्टांत के पिता डॉ राहुल आयुर्वेदिक मेडिसिन कंपनी चलाते हैं ओर माता फैशन डिजाइनर है।
दृष्टांत ने बताया कि स्त्री मूवी के लिए मेने ऑनलाइन ऑडिशन दिए थे। फाइनली डायरेक्टर अमर कौशिक सर ने मुझे फिल्म में यंग अपार शक्ति खुराना के रोल के लिए फाइनल कर लिया। मुझे शूट के दो दिन पहले फाइनल कॉल आया। अगले दिन हमें चन्देरी जाकर शूट करना था। ऐसे में स्त्री मूवी देखी और अमार शक्ति खुराना की बॉडी लैंग्वेज को कैच किया। स्त्री 2 मूवी की स्टार कास्ट के साथ हमने खूब इंजॉय किया। इसके बाद चन्देरी में हमने तीन दिन का शूट किया वहां हमारा पंकज त्रिपाठी सर के साथ फिल्म का इंट्रो सॉन्ग 'वो तो पूजा के दिनों में आती थी... शूट हुआ। इस गाने की शूटिंग के दौरान टीम के साथ खूब इंजॉय किया। गाने के अलावा हमने और सीन भी शूट किए। सेट पर मेरे अलावा 4 और बच्चे भी थे जो धीरे-धीरे मेरे दोस्त बन गए। 12 वर्षीय दृष्टांत भाटी ने पहला शो 5 साल की उम्र में शूट किया था। दृष्टांत ने जुर्म ओर ज़ज़्बात में शूट किया था। कई सारे ऐड भी शूट कर चुके हैं। दृष्टांत की आने वाली मूवी दिल्ली 2020 में भी नजर आएंगे,जिसकी शूटिंग कंप्लीट हो चुकी हैं। जल्दी ही रिलीज होगी। कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम करने के ऑफर भी आरहें हैं।

## छत की सेंटिंग का सामान चोरी

**पिपलियामंडी, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सेटिंग का सामान चोरी के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नई आबादी नाहरगढ़ निवासी मुकेश पिता मूलचंद खारोल ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि छत भरने की सेंटिंग का सामान शाकिर के घर के बाहर रखा था। जिसमें लोहे के चार फरमे, सेंटिंग के 25 पाईप, चार फावड़े, 4 प्लास्टिक की तगारियां, 2 हथोड़ी, 4 करनी आदि सामान बीती रात्रि अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। सुबह मजदूर के साथ वहां पहुंचा तो चोरी की जानकारी लगी। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

## आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गणपति चौक में 45 क्विंटल खिचड़ी से होगा भक्तों का स्वागत

**मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पार्षद और समाजसेवी सुनील बंसल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्मी पर्व गणपति चौक जनकुपुरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आज जन्माष्मी के महापर्व पर गणपति चौक व्यापारी, रहवासी व सुनील बंसल मित्र मंडल के तत्वाधान में भक्तों के सहयोग से 45 क्विंटल फलाहारी साबूदाने की खिचड़ी का प्रसाद का भगवान को नेवेध लगाकर चल समारोह में पधारे भक्तों को वितरण किया जाएगा। श्री बंसल ने मंदसौर नगर के समस्त कृष्ण भक्तों से निवेदन किया है कि जन्माष्मी के विशाल चल समारोह में पधारे एवं गणपति चौक में साबूदाने की फलाहारी खिचड़ी के प्रसाद का आनंद ले और चल समारोह में भी आप सम्मिलित हो।

## ट्रक ने मारी पिकअप को टक्कर

**पिपलियामंडी, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** खड़ी पिकअप को ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने केस दर्ज किया। माहेश्वरी मोहल्ला नीमच निवासी योगेश पिता श्यामराव मराठा ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं पिकअप (एमपी 09 जीएफ 4262) से इंदौर से नीमच किराना सामान लेकर जा रहा था। मल्हारगढ़ बस स्टेण्ड पर पिकअप को साइड में खड़ा कर चाय पीने रुका, इस दौरान ट्रक (जीजे 03 बीजेड 9233) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर पिकअप को टक्कर मार दी, जिससे पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

# कर्म व्यक्ति को कभी नहीं छोड़ता, इसका फल भोगना ही है-स्वामी सरस्वती

## लक्ष्य सोनी ने दी आर्कषक भजन की प्रस्तुति



मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।
रविवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार कर्म व्यक्ति को कभी नहीं छोडता कर्म अच्छे हो या बुरे इसके फल को भोगना ही है। अच्छे कर्म करेगें तो अच्छे फल मिलेंगे और बुरें करेंगे तो फल बुरें मिलेंगे। आपने बताया कि संसार के दो बीज होते है पुण्य और पाप इसी से जीवन के सुख और दुख तय होते है। जो संसार की चिंता करता है वह दुखी ही रहता है और जो आत्मचिंतन करता है सुखी रहता है। संसार मायामय है और यही माया व्यक्ति को संसार में बांधे रखती है जो व्यक्ति ईश्वर को समझ जाता है वह इस माया के बंधन से छूट जाता है।
**लक्ष्य सोनी ने दी आर्कषक भजन की प्रस्तुति-** रविवार को धर्मसभा में समाजसेवी और केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के सचिव कारूलाल सोनी के परपोते लक्ष्य पिता अभिषेक सोनी उम्र 10 वर्ष ने आर्कषण संगीतमय भजन की प्रस्तुति दी। जिसे सभी ने सराहा। स्वामी जी ने लक्ष्य का दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत कर उसकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कारूलाल सोनी ने बताया कि मेरे परपोते की रूचि संगीत और धर्म में शुरू से है अभी वह सीख रहा है आज उसने भजन की प्रस्तुति और केसियों के साथ भजन को गाया।
**आज रात्रि में मनाया जायेगा श्री कृष्णा जन्माष्मी महोत्सव-** केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया और सचिव कारूलाल सोनी ने बताया कि श्रीकृष्णा जन्माष्मी महोत्सव केशव सत्संग भवन में मनाया जायेंगा। दिनांक 26 अगस्त सोमवार को रात्रि में 10.30 बजे से 12 बजे तक जन्म वृतांत और आरती होगी जिसकेबाद प्रसाद वितरण किया जायेगा। वहीं मंगलवार की सुबह प्रवचन के समय 8.30 बजे से जन्मोत्सव मनाया जायेगा। आपने ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में पधारने का निवेदन किया है।

# अजाक्स की सुवासरा सहित जिले की चार तहसील इकाइयों ने दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 25 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मप्र अजाक्स द्वारा 25 अगस्त को मंदसौर जिले की सुवासरा, भानपुरा, शामगढ़ व गरोठ तहसील इकाईयों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिले की तहसील इकाई सुवासरा द्वार तहसीलदार सुवासरा के प्रतिनिधि दीपक बागवान को दिया गया ज्ञापन।
मप्र अजाक्स के प्रांतीय निर्देश पर तहसील इकाई द्वारा अजाक्स की कई वर्षो से लंबित मांगो को लेकर जिनमे प्रमुख रुप से पदोन्नति में आरक्षण लागु करने, बैकलॉग के 104500 पदों की पूर्ति शीघ्र करने,न्यायिक सेवाओं में सिविल जजो की भर्ती में आरक्षण लागु करने,उच्च पद प्रभार में आरक्षण रोस्टर का पालन किये जाने, आउटसोर्सिग प्रथा पूर्ण रूप से समाप्त हो और यदि आवश्यक हो तो उसमें आरक्षण रोस्टर लागू करने,अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अनिवार्य छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने, प्रत्येक ब्लॉक तहसील एवं जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाई जाने, एवं अन्य राज्यों की भांति मप्र में भी पुरानी पेंशन लागू की जाने को लेकर माँग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

दिनांक 26 अगस्त 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
क्या आप जानते है..?

* जन्मकुंडली के दूसरे और ग्यारहवें भाव के स्वामियों के बीच परस्पर राशि या युति सम्बन्ध हो तथा इन भावों के स्वामियों को अन्य शुभ ग्रहों से सकारात्मक दृष्टिप्राप्त प्राप्त हो रहि हो तो कुंडली मे स्थिर धन प्राप्ति का योग बनता है।
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in